Publication	Edition	Date
Rastriya Swaroop	Kanpur	01/04/2016

डब्ल्यू. सी. आर. सी. अवार्ड का विजेता कामधेनु लिमिटेड

कानपुर (एजेंसी)। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित कंसल्टेंसी संसाओं में से एक वर्ल्ड कंसल्टिंग एंड रिसर्च कॉरपोरेशन द्वारा स्टील सेग्मेंट में एशिया के बेस्ट बैंण्ड के रूप में चुनकर कामधेनु लिमिटेड ने स्टील व आयरन सेग्मेंट में नए ईतिहास बनाने का सिलसिला जारी रखा है। भारतीय निर्माण सामग्री बाज़ार के सबसे प्रभावी ब्रेंड के रूप में खुद को स्थापित कर चुके कामधेनु को लगातार विश्व स्तर पर पहचान और सराहना मिल रही है। मार्च 2016 को बैंकाक के होटल एमैरी वाटर गेट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के डब्ल्यू. सी. आर. सी. अवार्ड समारोह में एशिया के कारपोरेट जगत के गणमान्य तथा प्रभावशाली लोग उपस्थित थे। एशिया के कई देशों के मार्केटिंग गुरूओं तथा कारपोरेट लीडर्स की गरिमामयी उपस्थिति में कामधेनु के निदेशक सुनील अग्रवाल एवं सौरभ अग्रवाल ने एशिया के बेस्ट ब्रैण्ड का अवार्ड ग्रहण किया। कामधेनु को एक प्रतिष्ठित ग्लोबल मंच पर मिला यह सम्मान तीन महीने से भी कम समय के अंदर वैश्विक मंच पर ब्रैण्ड के पुरस्कृत होने का दूसरा अवसर है। इससे पहले कामधेनु दिसंबर 2015 में दुबई में आयोजित समारोह में आयरन व स्टील सेग्मेंट में वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रैंड, 2015 -एशिया एंड जीसीसी अवार्ड का विजेता रहा है। अवार्ड प्रदान करते हुए समारोह के मंच से स्टील सेग्मेंट में कामधेनु के योगदान एवं प्रभावी बाज़ार-नीति की सराहना के की सराहना करते हुए कहा गया कि, 1994 में अपनी स्थापना के समय से ही कामधेनु लिमिटेड स्टील सेग्मेंट में आधुनिक तकनीक तथा अविष्कारी बाज़ार नीतियों को लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। फैंचाइजी बिजनेस मॉडल के तहत कंपनी ने टीएमटी का उत्पादन करने वाली 50 के अधिक सक्षम कंपनियों को बेहतर तकनीक, प्रशिक्षण तथा बाज़ार पहुँच उपलब्ध कराया है। जिससे करोड़ों उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्ता के भरोसेमंद कामधेनु टीएमटी की पहुँच सुनिश्चित हो रहा है। अवार्ड ग्रहण करने के बाद कामधेनु के निदेशक सुनील अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, इस प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित पाने के अवसर पर मैं कामधेनु की तरक्की में योगदान के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को धन्यवाद देता हूँ। प्रत्येक पुरस्कार कामधेनु लिमिटेड में हम सभी को लगातार बेहतरी के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। डब्ल्यू. सी. आर. सी. अवार्ड जैसे सम्मान पाने से अपने उपभोक्ताओं के लिये आयरन तथा स्टील समाधान के क्षेत्र में बेहतरीन सेवायें और श्रेष्ठ उत्पाद उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता और भी अधिक सशक्त हुई है। ब्रैण्ड कामधेनु आज करोड़ों लोगों की ज़िंदगी और सपनों का हिस्सा बन चुका है और हम विश्व स्तर पर कई करोड़ लोगों तक अपनी सेवाएं पहुँचाने के लिए तैयार है।